Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Acharya Shri Prasanna,Chowdhury Shri Adhir Ranjan,Jagannath Dr. M.,Kusmaria Dr. Ramkrishna,Mollah Shri Hannan,Rawale Shri Mohan,Sangwan Shri Kishan Singh,Suman Shri Ramji Lal,Yadav Shri Devendra Prasad,Panda Shri Prabodh,Jai Parkash Shri ,Yadav Shri Mitrasen,Rathod Shri Harisingh Nasaru,Pradhan Shri Dharmendra,Khanna Shri Avinash Rai,Shivanna Shri M,Munshiram Shri ,Ramadass Prof. M.,Ajnala Dr. Rattan Singh,Bhavani Rajenthiran Smt. M.S.K.,Nahata Smt. P. Jaya Prada,Babu Rao Shri Mediyam,Majhi Shri Shankhlal

an>

Title : Further discussion regarding suicide by farmers in various parts of the country raised by Shri Ramjilal Sumam on the 16th May, 2006.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Item no. 24 and 25 will be taken on some other day. Now, we will take item no. 26 – Discussion under Rule 193 regarding suicide by farmers in various parts of the country, raised by Shri Ramji Lal Suman on 16th May, 2006. Yesterday, when the House was adjourned, Shri Ramji Lal Suman was on his feet. He has already taken 11 minutes. Time available with us is only two hours. Time taken is 11 minutes. Time left with us is 1 hour and 49 minutes. I would request hon. Shri Ramji Lal Suman to continue his speech.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने कहा था कि वित्तीय संस्थाओं से किसानों को जो ऋण मिलता है, वह उनके लिए पर्याप्त नहीं है और उन्हें साहूकारों के ऋणों के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है।

उपाध्यक्ष महोदय, किसानों पर कर्ज का संकट नया नहीं है। आजादी से पहले भी कर्ज माफी के खिलाफ लोगों ने आंदोलन चलाए थे। समाजवादी आंदोलन के नेताओं में हमारे आदर्श श्री मामा बालेश्वर दयाल जी, जिनकी इस साल जन्म शताब्दी है, उन्होंने झबुआ में इस तरह का एक आंदोलन चलाया था। 1857 का जो स्वतंत्रता संग्राम था, जो अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह था, उसमें अंग्रेजों ने यह जानना चाहा था कि इस विद्रोह के क्या कारण हैं? उन्होंने इसकी जांच करवाई थी, जिसमें यह पता लगा था कि किसानों से जो अन्यायपूर्ण वसूली हो रही है, उसके प्रति जो आक्रोश है, वह इस विद्रोह का मूल कारण है।

16.11 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

किसानों को सहूलियतें देने के नाम पर बैंकों का जो राट्रीयकरण हुआ था, उसका एक कारण यह भी था। उस समय अंग्रेजों ने चाणक्य नीति के तहत दाम-दुपट की नीति अपनाई, इसका मतलब यह था कि जितना मूल धन है उस मूल धन से ज्यादा ब्याज नहीं होगा। यानी जितना मूल धन उतना ही ब्याज होगा। उससे अधिक किसानों से वसूली नहीं की जाएगी, लेकिन आज स्थिति यह है कि जितना किसान बैंकों से कर्जा लेता है, उससे दुगुना चौगुना ब्याज अदा करता है। वह दाम-दुपट की जो नीति थी कि जितना कर्जा लेंगे उससे अधिक ब्याज अदा नहीं करेंगे। उस सिद्धांत को भुला दिया गया है।

सभापति महोदय, आज सात प्रतिशत ब्याज की दर की बात कही जाती है, जो कि वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाण में कही है, लेकिन किसानों पर 13 से 18 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज लगता है। आज सबसे अहम सवाल यह है कि वित्तीय संस्थानों से किसान जो कर्ज लेता है, उसे कैसे उतारे? किसान पर इतना बोझ डाल दिया जाता है कि वह कर्जा उतारना उसकी मर्यादा के बाहर है।

सभापति महोदय, एक पक्ष यह है कि किसान परेशान हो कर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाता है और दूसरा पक्ष यह है कि जब बेचैनी बढ़ती जाती है तो वह आंदोलन और विद्रोह करने पर उतारू हो जाता है। संसदीय लोकतंत्र में हमें संर्घा करने का अधिकार मिला हुआ है। उसके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। उसका परिणाम यह होता है कि जब आंदोलन होते हैं तो किसानों पर गोली चलती है। अगर हम पिछले एक-दो सालों में देखें तो किसान आंदोलनों में लगभग दो सौ किसानों की हत्याएं हुयी हैं । मैं किसी सरकार की बात नहीं करता हूं। जहां भी आज तक किसान आंदोलन हुए हैं, वहां किसानों पर गोली चलायी गयी है।

सभापति महोदय, मध्य प्रदेश में हमारे साथी श्री लक्ष्मण सिंह जी के भाई की सरकार थी तो 12 जनवरी, 1998 को बैतूल जिले में किसानों के सवाल पर संर्घा हुआ और 12 जनवरी 1998 को डॉ. सुनीलम, जो कि मध्य प्रदेश विधान सभा में लोकप्रिय विधायक हैं उनके नेतृत्व में वहां किसानों के सवाल पर डंडे और गोली चली और उसमें 24 किसान शहीद हुए थे।...(व्यवधान)

कृषि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद पवार) : हम भी वहां पर गए थे।

श्री रामजीलाल सुमन : राजस्थान में गंगानगर में गोली शायद आपके ज़माने में चली थी। उड़ीसा में गोली चली था। सभापति महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि जहां-जहां किसानों के आंदोलन संगठित हुए, उनको दबाने के लिए पूरे देश् में गोली चलती है। आज क्या स्थिति है? किसानों के उत्पादन की लागत पिछले दो सालों में दो गुनी हो गयी है। बीज का दाम, खाद का दाम और सिंचाई की दरों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हो गयी हैं और विश्व व्यापार संगठन से हमने जो समझौता किया, उसका परिणाम क्या हुआ? उसका परिणाम यह हुआ कि सोयाबीन की दर जो 1800 रूपए प्रति क्विंटल थी, वह घटकर एक हजार रूपए प्रति क्विंटल हो गयी, कपास की दर 2800 रूपए प्रति क्विंटल से गिरकर एक हजार रूपए प्रति क्विंटल हो गयी। दक्षिण के लोग जानते हैं कि नारियल और काफी के दाम भी काफी हद तक गिरे हैं। विश्व व्यापार संगठन को हमें यह कहना चाहिए था कि जो एक बिलियन डालर सब्सिडी ये देश में अपने लोगों को देते हैं, ये सब्सिडी को खत्म करें। सवाल यह है कि हमारे हिंदुस्तान के किसानों को अंतर्राट्रीय बाजार में इन देशों के मुकाबले स्पर्धा में खड़ा कर दिया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि प्रतिस्पर्धा बराबर के लोगों में होती है। अगर हमें उतनी सहूलियतें नहीं हैं और सुविधाएं नहीं हैं, तो हम इस प्रतिस्पर्धा में कहां ठहरेंगे? हम कहीं खड़े नहीं रह सकते। आज स्थिति यह है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों की कंपनियां जैसे कारगिल तथा वैनसैन्टो आदि अपना उत्पाद बेच रहे हैं। अमेरिका तथा यूरोप के किसानों के बराबर सुविधाएं न मिलने की वजह से संकट होना स्वाभाविक है। मैं कहना चाहता हूं कि डब्ल्यूटीओ में हम कुछ नहीं कर पाए। हमें इतना तो करना चाहिए था कि मात्रात्मक प्रतिबंध का अधिकार हम अपने हाथ में लेते, ताकि विदेशी बहुराट्रीय कंपनियों का कृषि उत्पादन भारत में नहीं बिकता। इन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर देने की आवश्यकता थी।

अभी पिछले दिनों जार्ज बुश साहब भारत तशरीफ लाए थे और हमने कृषि के क्षेत्र में अन्वेाणों और शोध के संबंध में प्रगति के लिए उनसे कुछ समझौते भी किए। उनसे हमने क्या समझौता किया, यह तो एक अलग सवाल है। मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे देश में कृषि के नाम पर जो शोध हो रहे हैं, वे केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित हैं, उन शोधों को किसानों के बीच तक पहुंचाने की आवश्यकता है। जो किसान दूरदराज के क्षेत्र में रहता है या ग्रामीण अंचल में रहता है, अगर इन सब को उनके पास तक नहीं पहुंचा सकते, तो किंचित मात्र भी इन शोधों का कोई अर्थ नहीं है। 21वीं सदी में हम शोधों की बात कर रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि कृषि का स्वरूप आधुनिकीकरण का हो, लेकिन आज क्या हो रहा है? बिहार में बैलों की जगह इन्सान लगा हुआ है। किसान हल जोतता है, उसमें दूसरा किसान पशु की जगह काम करता है। मैं नहीं समझता कि इससे ज्यादा शर्म की बात और कोई दूसरी हो सकती है। इस परिस्थिति में अब हम इस देश की प्रगति और उन्नति की बात करते हैं, मैं समझता हूं कि उसका कोई अर्थ नहीं है। किसानों की मदद करने के अलावा हमने एक काम और किया है। हमने बीटी काटन जैसे बीज के इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी और उसके पक्ष मे तर्क दिया कि कीटनाशक का प्रयोग नहीं होगा। उत्पादन की दर बढ़ेगी, उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ेगी, बीटी काटन के बीज के संबंध में हमने अपने तर्क दिए। आंध प्रदेश, मध्य प्रदेश मालवा का क्षेत्र, कर्नाटक एवं महाराट्र के किसानों ने बीटी काटन को बोया। वहां फसल पूरी तरह से बरबाद हो गया और जो दावे प्रस्तुत किए गए थे, वे सब दावे झूठे निकले। किसानों को गुमराह करके, उनको बहुराट्रीय कंपनियों का शिकार बनाया गया। इस सिलसिले में क्या हुआ? आंध्र प्रदेश की सरकार ने मेंसेंटो कंपनी के खिलाफ बीज की गुणवत्ता और अधिक मूल्य लेने की वजह से अदालत में मुकदमा दायर किया और अदालत में मुकदमा दायर करने के बाद मैंसेंटो कंपनी पर कोर्ट ने हर्जाना देने का आदेश दिया, लेकिन आज तक एक भी रूपया वहां के किसानों हर्जाना देने का काम नहीं किया गया। कृषि मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि पिछले अप्रैल माह में कृषि मंत्री जी ने कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, केरल और महाराट्र के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलायी थी। मैं समझता हूं कि उस बैठक को बुलाने का मकसद यह था कि समाचार पत्रों में जो रिपोर्ट छपी है, उसके मुताबिक आत्महत्याओं के मामले इन राज्यों में ज्यादा हुए। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने एक अच्छे काम की शुरूआत की और यह भी कहा कि कुछ जिलों में, जहां के किसानों ने आत्महत्या की है, पैकेज दिए जाने की व्वस्था होगी। लेकिन शरद जी, इन चार प्रदेशों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और राजस्थान, इन प्रदेशों की हालत बहुत खराब है, ये बहुत गरीब प्रदेश हैं। सभापति महोदय, इसलिए मैं आपकी मार्फत कृषि मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जब आप किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा करें तो मेहरबानी करके हिन्दुस्तान के सभी मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन करवाएं और अगर किसी विशेा पैकेज की बात करना चाहते हैं तो एक जिले में नहीं, एक राज्य में नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान के किसानों को पैकेज मिलना चाहिए जिससे किसानों की हालत अच्छी हो सके क्योंकि इस सवाल को न एक प्रदेश की सीमा में कैद किया जा सकता है, न एक जिले की सीमा में कैद किया जा सकता है। किसानों का असंतोा पूरे देश के किसानों का है और हालात सब जगह एक जैसे हैं।

मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं। आजकल गेहूं आयात करने की बड़ी चर्चा है। एक तरफ मैं हिन्दुस्तान के किसानों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने बड़ी मेहनत करके यह कोशिश की कि खाद्यान के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर बन जाएं। इस बात के लिए उनकी तारीफ करनी चाहिए। लेकिन सरकार ने पहले फैसला किया कि पांच लाख टन गेहूं आयात करेंगे और अब पचास लाख टन गेहूं आयात किया जा रहा है। उसका मूल्य 798 रुपये यानी लगभग 900 रुपये प्रति क्विंटल होगा और वह भी बंदरगाह पर आते-आते। वित्त मंत्री जी ने यहां जो फरमाया, उसके मुताबिक इस गेहूं का दाम 970 रुपये प्रति क्विंटल पड़ेगा। हम विदेश से जो गेहूं मंगवा रहे हैं, वह

900 रुपये से लेकर 1,000 रुपये प्रति क्विंटल पड़ेगा और अपने किसानों को हमने 650 रुपये प्रति क्विंटल दिए। हमने 50 रुपये बोनस की बात की जिसकी बाद में घोाण की कि जून तक चलेगी। किसान जिन एजैंसियों को गेहूं बेचता है, उन एजैंसियों पर गेहूं कम आ रहा है, क्योंकि किसान के दिमाग में मनोवैज्ञानिक प्रभाव बना हुआ है कि हमसे 650 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं लिया जा रहा है, लेकिन सरकार विदेश से जो गेहूं खरीद रही है, उसका रेट 900 रुपये प्रति क्विंटल है। लिहाजा हम इस गेहूं को क्यों दें। आज इस परिस्थिति का लाभ उठाकर निजी क्षेत्र के लोग और बहुराट्रीय कम्पनियां घोाित दाम पर खरीद कर रही हैं। उसका परिणाम क्या होगा? उसका परिणाम यह होगा कि हमारे देश में गेहूं का कृत्रिम संकट पैदा हो जाएगा। सरकार ने स्वीकार किया था कि सितम्बर में 116 लाख टन से अधिक गेहूं केन्द्रीय पूल के भंडार में था। छः महीने के बाद देश में रबी की फसल आने वाली थी, नये गेहूं आने वाला था। मैं जरूर जानना चाहूंगा कि हमारे देश में जितने लाख टन गेहूं की आवश्यकता थी और जो गेहूं स्टॉक में था, वह पर्याप्त था या नहीं। सरकार यह बताए कि कौन सी ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गईं जिनके चलते हमें विदेशी गेहूं आयात करना पड़ा, वे कौन से ऐसे हालात थे, क्या कारण थे? जब शरद पवार जी इस चर्चा का जवाब दें तो इस पर जरूर ध्यान दें। आस्ट्रेलिया से पहले जो खेप आई, हमारे देश में स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन द्वारा जो मंगवाई गई, उसकी प्रारंभिक जांच में पाया गया कि उस गेहूं में पेस्टिसाइड्स की मात्रा 50 प्रतिशत से अधिक थी और खरपत वार की औसत मात्रा 14 प्रतिशत थी। यह रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो गई। लेकिन इस रिपोर्ट को उलटकर जांच संस्थाओं ने असत्य करार दिया। द्ध फिर दूसरी रिपोर्ट बनवाई गई। मैं जानना चाहता हूं कि पहली जांच तो आपने अपने मार्फत ही करवाई थी। उसमें तब्दीली क्यों हुई, परिवर्तन कैसे हुआ? जो गेहूं मंगवाया जा रहा है, इस तरह का गेहूं तो हम अपने देश में भी नहीं खरीद पाते। जो पहली खेप आई, उसमें कीटनाशक और खरपतवार की मात्रा ज्यादा निकली। उसके बाद जो निविदाएं आमंत्रित हुईं, उन्हें हमने और सरल बना दिया। पता चला है कि संभवतः वह अमरीका के इशारे पर हुआ।

सभापति महोदय, मेरे हाथ में 8 मार्च, 2006 का हिन्दू अखबार है। इसमें छपा है -

"US to hold talks on norms for wheat imports to get a clear picture on India's requirements.
"

आखिर हम कर क्या रहे हैं? हम कहां जा रहे हैं और हमारी स्थिति क्या है ? मैं समझता हूं कि कुल मिलाकर पूरे हिन्दुस्तान की जो स्थिति है, वह बहुत खराब है। आप हिन्दुस्तान के किसान की मेहनत, क्षमता, परिश्रम को नजरअंदाज करके बिल्कुल घटिया किस्म का, सड़ा हुआ गेहूं खरीदने का काम कर रहे हैं। मैं नहीं समझता कि इससे ज्यादा शर्मनाक बात को कोई और दूसरी हो सकती है।

सभापति महोदय, इस सरकार के वित्त मंत्री श्री चिदम्बरम जी ने सितम्बर में बजट पेश किया था, उस समय उन्होंने जल संचय पर बहुत बड़ा भााण दिया था। लगता था कि सरकार जल संचय के मामले में बहुत गंभीर है लेकिन "नो दिन चले अढ़ाई कोस।" यह काम केवल कागजों पर ही हुआ और जल संचय के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमारे देश में 55 फीसदी पानी बिना प्रयोग के बह जाता है। अगर हम देखें तो दुनिया में नदियों की दृटि से हम सबसे समृद्ध राट्र हैं, सबसे धनी देश हैं। लेकिन हम पानी का समुचित प्र ायोग नहीं कर पा रहे हैं। आज स्थिति यह है कि हमारे देश में प्रति व्यक्ति जल संचय की मात्रा 207 क्युबिक मीटर है। रूस में प्रति व्यक्ति जल संचय की मात्रा 6103 क्युबिक मीटर, आस्ट्रेलिया में 4733 क्युबिक मीटर, ब्राजील में 3145 क्युबिक मीटर, अमेरिका में 1964 क्युबिक मीटर, टर्की में 1739 क्युबिक मीटर, मेकिस्को में 1245 क्युबिक मीटर तथा चीन में 1111 क्युबिक मीटर है। मेरा आरोप है कि जल संचय के मामले में सरकार किसी भी कीमत पर गंभीर नहीं है। हमने कृाि को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। देश के निर्माण के लिए हमने जो प्राथमिकताएं सुनिश्चित की हैं, उन प्राथमिकताओं में हमने सिंचाई को कहीं नहीं रखा। आज हम कह सकते हैं कि हमारे देश की जो जमीन है, उसमें जब तक आप सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक इन्द्र भगवान के भरोसे इस देश को नहीं छोड़ा जा सकता। मेरा आरोप है कि सरकार किसी भी कीमत पर इसमें गंभीर नहीं है।

सभापति महोदय, पंडित जवाहर लाल नेहरू के जमाने में यानी 1952 में प्रथम पंचवर्षीय योजना में सिंचाई की परियोजनाएं हमारे देश में शुरू हुई थीं। वे तमाम सिंचाई की परियोजनाएं आज तक पूरी नहीं हुईं। इससे ज्यादा चिंता का विाय और क्या हो सकता है ? परसों भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री ने इसी सदन में कहा कि केन्द्र द्वारा सहायता प्राप्त 139 सिंचाई की परियोजनाएं ऐसी हैं, जो अभी तक पूरी नहीं हुईं। आप रोज गुमराह करते हैं कि हम नये काम कर रहे हैं। आप रोज घोाणा करते हैं कि हम सिंचाई की नयी परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं । लेकिन आपको इस बात का फिक्र नहीं है कि आपने दस साल पहले या बीस साल पहले जो परियोजनाएं शुरू की थीं, वे परियोजनाएं पूरी हुईं या नहीं। इसलिए जब तक आप पुरानी परियोजनाएं पूरी नहीं करेंगे, सिंचाई को प्राथमिकता नहीं देंगे, अहमियत नहीं देंगे तब तक किसान की हालत यथावत बनी रहेगी। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि इस देश के किसान को अगर बर्बादी से बचाना है, तो सिंचाई का काम प्राथमिकता के आधार पर आपको लेना पड़ेगा।

मैं शरद जी से एक निवेदन करना चाहूंगा कि आपने राट्रीय किसान आयोग बनाया जिसके अध्यक्ष श्री स्वामीनाथन हैं। इस आयोग ने तीन रिपोर्टें आपको प्रस्तुत कीं। मै आपसे कहना चाहता हूं कि आप जब आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करते तो फिर आप क्यों आयोग बनाते हैं ? शरद जी, जब आप जवाब दें तब आप यह भी बताने का कट करें कि आपने जो किसान आयोग गठित किया था जिसकी संस्तुतियां सरकार के पास आईं, उस आयोग की सिफारिशों पर सरकार ने कितना अमल किया वर्ना आयोग की सार्थकता का कोई मतलब नहीं है। इस बारे में आप अपने जवाब में विस्तार से बताने का कट करें।

अंत में, मैं अपनी बात खत्म करने के साथ-साथ यह निवेदन करना चाहूंगा कि मंत्री जी आप अपने जवाब में विस्तार से बतायें कि सरकार के सामने कौन सा ऐसा संकट पैदा हो गया था जिसकी वजह से उसे गेहूं का आयात करना पड़ा। दूसरा मेरा यह मानना है कि इस देश की समस्या का अगर कोई हल है, तो एक ही हल है कि हिन्दुस्तान का बजट कृषि पर आधारित होना चाहिए। तीसरा, मैं कहना चाहूंगा कि अब वह समय आ गया है जब कृषि को उद्योग का दर्जा मिले। किसान का ऋण माफी हो। किसानों को उच्च तकनीक का प्रयोग करने का मौका मिले।

सभापति महोदय, जब हम आजाद हुए, तो हमने औद्योगिक मॉडल का तौर तरीका अख्तियार किया। उस औद्योगिक मॉडल का तरीका यह हुआ कि गांव की दौलत शहर में पहुंचती गयी और गांव से लोगों का पलायन होता रहा। इसलिए मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि पहले भी इस सदन में कई बार किसानों की आत्महत्या के विाय पर चर्चा हो चुकी है। यह चर्चा मात्र औपचारिकता न रह जाए, यह चर्चा मात्र रस्म अदायगी न रह जाए, इसलिए मैं जरूर कहना चाहूंगा कि पूरे देश के किसानों में जो बेचैनी है, जो बेबसी है और जो लाचारी है, उसे देखते हुए हमें कोई सार्थक और ठोस प्रयास करना चाहिए, जिससे किसानों को आत्महत्या के लिए विवश न होना पड़े, जिससे किसानों को पुलिस की गोली का शिकार होने से बचाया जा सके।

MR. CHAIRMAN : Shri Ramji Lal Suman, you have made a very lengthy speech.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : महोदय, हर वर्ा की तरह इस बार भी किसानों की समस्याओं और विशेा तौर पर किसानों की जो आत्महत्याएं हो रही हैं, पर आज इस सदन में बहस चल रही हे। किसान आत्महत्या केवल अब नहीं कर रहे हैं, बल्कि वर्ों से ऐसा हो रहा है और निरन्तर हर वर्ा इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। देश के हर कोने में, हर प्रान्त में किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। यह विाय बहुत गंभीर है, चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो, इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। लेकिन जिस गंभीरता से इसका समाधान होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। इस देश के कृषि क्षेत्र में जो किसानों के भाग्य का फैसला करने वाले, नीति निर्धारण करने वाले अधिकारी हैं और मीडिया भी, इसे उतनी गंभीरता से नहीं लेते हैं जितनी गंभीरता से लेना चाहिए। यह समस्या बढ़ रही है और चाहे पंजाब हो, महाराट्र हो, केरल हो, कर्नाटक हो, हरियाणा हो, राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश हो, हर प्रान्त में किसानों द्वारा आत्महत्याएं हो रही हैं। इसका मूल कारण हम सभी जानते हैं। लगभग देश के हर कोने से आने वाले यहां जितने भी माननीय सदस्य बैठे हैं, उनमें से अधिकतर गांवों से सम्बंध रखते हैं, वे किसानों की समस्याएं जानते हैं और बड़ी गंभीरता से संसद के प्रत्येक सत्र में इस विाय पर बहस भी होती है। लेकिन जैसा कि श्री सुमन जी ने कहा कि यहां जो भी बहस होती है, वह केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती है, कभी भी उस पर गंभीरता से मंथन नहीं होता है। किसानों द्वारा आत्महत्या करने के पीछे अनेक कारण हैं, लेकिन उनमें सबसे मूल कारण यह है कि जब किसान किसी काम के लिए जो कर्ज लेता है उस पर ब्याज की दर बहुत ज्यादा होती है। वह सारे कर्ज को खेती में निवेश कर देता है लेकिन उसको आउटपुट, लाभ नहीं मिलता है, बल्कि वह घाटे में जाता है।

महोदय, कोई भी व्यक्ति, कोई उद्योग, कोई भी किसान जब लगातार घाटे में जाएगा तो ब्याज और कर्ज उसको तोड़ देगा, तब यह स्वाभाविक ही है कि वह ऐसी मानसिक स्थिति में आ जाएगा कि आत्महत्या करने के सिवाय उसके पास कोई चारा नहीं बचेगा। इसलिए आत्महत्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन इसका समाधान नहीं हो रहा है। किसान अधिकतर ऋण कोऑपरेटिव बैंकों से या कोऑपरेटिव सैक्टर से लेता है या फिर प्राइवेट लोगों से लेता है। उनकी ब्याज दर बहुत ज्यादा होती है। मैं आज की स्थिति बताना चाहता हूँ कि एनएसएसओ के सर्वे के मुताबिक 48.6 प्रतिशत किसान देश में ऐसे जो कर्ज में डूबे हुए हैं और जिनका कर्ज उतर नहीं रहा है। धीरे-धीरे ब्याज भी बढ़ेगा और उनकी स्थिति क्या होगी यह आप समझ सकते हैं। आज प्रत्येक किसान के ऊपर करीब 12,585 रुपये का कर्जा है। कुछ प्रांतों में तो स्थिति और भी भयानक है। पंजाब देश का सबसे खुशहाल प्रदेश माना जाता है लेकिन वहां के एवरेज किसान पर भी

41,576 रुपये का कर्जा है। इसी तरह से हरियाणा के किसान पर 25007 रुपये, आंध्र के किसान पर 23965 रुपये, तमिलनाडु के किसान पर 23963 रुपये एवरेज कर्जा है। इस प्रकार से अलग-अलग प्रदेशों के अलग-अलग आंकड़े हैं और कुछ राज्यों की स्थिति तो और भी गंभीर है। मैंने जो आंकड़े दिये हैं वे खुशहाल प्रदेशों के हैं। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि स्थिति कितनी खराब है।

माननीय रामजी लाल सुमन जी ने कुछ उदाहरण दिये, जो बहुत सही हैं। मैं एक अखबार में छपी खबर बताना चाहता हूं। उसमें कहा गया है कि किसान पर कर्ज चक्रवर्ती ब्याज की दर से चढ़ता जाता है क्योंकि वह उसे दे नहीं पाता है और कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है कि कर्ज न देने के कारण उसे जेल जाना पड़ता है और वहां पर स्टम्प फीस व दूसरे खर्चे भी उससे लिये जाते हैं। एक किसान ने कुल 97 हजार रुपये का कर्ज लिया था जिसे वह दे नहीं पाया क्योंकि उसकी फसल को नुकसान हो गया था। वह कर्जा धीरे-धीरे बढ़कर 19 लाख हो गया। बैंक ने उसके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा डाला। उससे 19 लाख की रिकवरी की गयी। ऐसे बहुत से केस हैं जहां लोन लेने के बाद ऐसी स्थिति बहुत से किसानों की बन गयी है। इस बात को माननीय कृाि मंत्री जी भी जानते हैं, वे खुद किसान परिवार से आते हैं। आज उनको किसानों की समस्याओं को हल करने का मौका मिला है।

मेरा एक सुझाव यह है कि किसानों के लिए कर्जे की ब्याज दर घटायी जाए। माननीय अटल जी की जब सरकार आई थी, उस समय 18-19 प्रतिशत की दर से किसान से ब्याज लिया जाता था जिसे घटाकर माननीय अटल जी की सरकार ने 9 प्रतिशत कर दिया था। इस दर को घटाकर 5 से 6 प्रतिशत किया जाना चाहिए। जब इंडस्ट्री को 4-5 प्रतिशत की दर पर कर्ज मिलता है तो खेती को भी इंडस्ट्री घोाित कर उसे भी इसी दर पर कर्ज दिलाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही किसान से चक्रवर्ती ब्याज नहीं लिया जाना चाहिए। माननीय सुमन जी ने कहा था और मैं भी उनकी बात का समर्थन करता हूं कि किसान जो मूल कर्ज लेता है उसके दुगुने से ज्यादा रुपया उससे नहीं लिया जाना चाहिए। इस बाबत कोई कानून संसद में आना चाहिए। साथ ही किसान के मकान की कुर्की नहीं होनी चाहिए, ऐसा मेरा सुझाव है। अगर इस मुद्दे का हल हो जाए तो किसानों की 50 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो सकता है।

किसान के लिए पानी का मामला बहुत गंभीर है। पानी के बगैर खेती नहीं हो सकती है। आजादी के 60 सालों के बाद भी हमारे देश में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। हमारे देश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि आधे देश में सूखा तो आधे देश में बाढ़ आती है। माननीय अटल जी की सरकार ने सभी नदियों को जोड़ने का प्रोजैक्ट चलाया था लेकिन इस सरकार ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पानी के बगैर न आदमी का जीवन सफल हो सकता है और न ही खेती हो सकती है। बहुत से राज्यों में इंटर-स्टेट वाटर डिस्प्यूट्स हैं। कावेरी नदी का और एसवाईएल कैनाल का डिस्प्यूट है। पंजाब का पानी पाकिस्तान जा रहा है लेकिन पंजाब उसे हरियाणा को देने के लिए तैयार नहीं है।

इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। इन समस्याओं को आर्थिक मुद्दा समझ कर हल निकालना चाहिए। कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा कर्जा दे रहे हैं, यह सरकार की पालिसी है। कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा कर्जा देना समस्या का समाधान नहीं है। समस्या का समाधान किसान की आर्थिक स्थिति को सुधारना है। जब तक किसानों की आर्थिक दशा नहीं सुधरेगी, तब तक समस्या का समाधान होने वाला नहीं है।

प्लानिंग कमिशन की बात देखें। एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपया प्लानिंग कमिशन ने अगले दस सालों में कृाि उद्योग के लिए फूड प्रोसेसिंग के लिए प्लान बनाया है। एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपया फूड इंडस्ट्री पर लगाएंगे। किसान रोजाना आत्महत्याएं कर रहे हैं और इतनी बड़ी रकम इंडस्ट्री को दे रहे हैं। एक तरह से कृाि उद्योग को सब्सीडी की शक्ल में यह पैसा दिया जा रहा है, लेकिन किसान को यह पैसा सीधा नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में जब हम प्लानिंग कमीशन से मांग करते हैं कि किसानों की समस्याओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाए तो प्लानिंग कमीशन एक दम से इंकार कर देता है कि राजकोा में पैसा नहीं है, इसलिए हम पैसे नहीं दे सकते हैं। किसानों के लिए राजकोा में घाटा है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए घाटा नहीं है। यह दोगली नीति चल रही है। किसानों के विरुद्ध नीति चल रही है। इस समस्या का समाधान होना चाहिए।

MR. CHAIRMAN : Your party's time is over.

श्री किशन सिंह सांगवान : महोदय, श्री सुमन जी को आधा-पौना घंटा बोलने के लिए दिया है और हमारी पार्टी के लिए सिर्फ दस मिनट का समय।

महोदय, मैं बिजली के बारे में भी कहना चाहता हूं। आज बिजली किसानों के जीवन का एक अंग है। बिजली के बिना खेती नहीं हो सकती है और आज बिजली की पूरे देश में जो स्थिति है, उसके बारे में सभी जानते हैं। दो-तीन घंटे से ज्यादा किसानों को बिजली नहीं मिलती है और वह भी लो पावर की बिजली होती है। जब मोटर चलती है, गंडासा चलता है, ट्यूवल चलता है, तो लो पावर

की बिजली के कारण मोटर जल जाती है। इससे किसानों का और भी ज्यादा नुकसान हो जाता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि किसानों को रोज कम से कम 14-15 घंटे पावर की बिजली मिले, इसकी व्यवस्था सरकार को पूरे देश में करनी चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, there are six hon. Members from your party. I am telling you that there must be an end to the matter. Your party has 30 minutes.

श्री किशन सिंह सांगवान : महोदय, मैं सिर्फ दो-तीन मिनट और बोलूंगा। मैं संक्षेप में अपनी बात कहना चाहता हूं। सबसे मुश्किल समस्या, जो किसान फेस कर रहे हैं, वह मार्केट की समस्या है। सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइज तय करती है। किसानों को आज लाभकारी मूल्य की आवश्यकता है। मिनिमम सपोर्ट प्राइज से काम नहीं चलता है। यह भी कुछ ही फसलों के लिए तय किया जाता है। भारत सरकार ने इस बार किसानों के साथ मजाक किया है। दस रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का दाम बढ़ाया है। श्री अटल जी की सरकार ने 50 रुपए, 80 रुपए बढ़ाए थे।

श्री जय प्रकाश (हिसार) : पचास रुपए बोनस दिया गया है।

श्री किशन सिंह सांगवान : मैं उस बात पर भी आऊंगा। दस रुपए रेट बढ़ा कर किसानों के साथ मजाक किया गया है, जबकि किसान जो डीजल, बीज, खाद आदि खरीदता है, उनके दाम लगातार बढ़ रहे हैं और किसान को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। इस बार 650 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का दाम तय किया है। किसान ने बाजार में गेहूं लाना शुरू कर दिया, लेकिन सरकार गेहूं को खरीद नहीं पाई। लगभग 80 परसेंट किसानों ने 10 रुपए ज्यादा भाव पर व्यापारियों और बड़ी कम्पनियों को बेच दिया, इसलिए सरकार के पूल में गेहूं नहीं आया। सरकार ने देखा कि गेहूं तो प्राइवेट व्यापारियों ने खरीद लिया है, तब सरकार ने 50 रुपए बोनस देने का ऐलान किया। इससे फायदा किन लोगों को हुआ? किसान के हाथ से गेहूं निकल गया और वह बोनस का लाभ व्यापारी उठाएंगे। किसान के विरुद्ध यह सरकार की पालिसी है। इसकी वजह से यह सारा मामला हो रहा है। पांच लाख टन गेहूं आयात करना था, जिसमें से एक लाख टन गेहूं अस्ट्रेलिया से आ गया। श्री सुमन ठीक कह रहे थे कि एक लाख टन गेहूं आ गया, लेकिन उसे पशु भी नहीं खा सकते हैं और 950 रुपए क्विंटल उस गेहूं का दाम है, लेकिन देश के किसान को यह दाम देना मुनासिब नहीं है। विदेशों के किसानों को मनमर्जी के पैसे मिल रहे हैं। विदेश के गेहूं के लिए टैक्स भी खत्म कर दिया और कहा कि आपको लाइसेंस भी देंगे। भारतर्वा को गेहूं की मंडी बना दिया है। यह सरकार की गलत नीतियों के कारण हो रहा है। देश में गेहूं की कुल खपत सर्वे के मुताबिक 7 करोड़ 30 लाख टन है और सरकार ने 7 करोड़ 24 लाख टन खपत का टार्गेट रखा था। 6 लाख की कमी थी, विदेशों से 30 लाख और मंगाया जा रहा है। यह किसानों को मारने की साजिश है। इसमें विदेशी कम्पनियों का हाथ है जो लूट रही हैं। इससे सावधान होने की आवश्यकता है। मार्किट में सरसों की फसल आई है। हमें अखबारों के माध्यम से पता लगा है कि उसे लेकर सारे देश में हाहाकर मचा है। किसान धरने, प्रदर्शन और सड़कें जाम कर रहे हैं। उनकी सरसों की फसल को खरीदने वाला कोई नहीं है। सरकारी एजेंसी नैफेड ने ऐलान किया था कि 31 मई तक किसानो की सारी सरसों खरीद ली जाएगी लेकिन 14 तारीख चली गई ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please conclude your speech. There are others to speak on this issue. Furthermore, there are six Members from your own party to speak on this issue.

SHRI KISHAN SINGH SANGWAN: Sir, I will not take more than two-three minutes to conclude.

यह एक बर्निंग इशू है। 14 तारीख को नैफेड ने सरसों खरीदनी बंद कर की। किसानों की उपज को खरीदने का प्रोसैस लंबा कर दिया। पटवारियों को कूपन देने शुरू कर दिए। अब किसान कूपन लेकर उन्हें बेचेंगे। एक लाख 36 हजार मीट्रिक टन के कूपन किसानों को फ्री दिए गए। 63 हजार मीट्रिक टन सरसों खरीदी गयी। बाकी सरसों कहां जाएगी, किसान कहां जाएंगे? सारे देश में हाहाकार मचा है। कृाि मंत्री जी यहां बैठे हैं। वह हमें इसका जवाब दें। जो सरसों बच गई है, उसका क्या हाल होगा और किसान उन्हें कहां ले जाएं? किसान मजबूरी में उसे दलालों को बेच रहे हैं और 200 रुपए क्विंटल कम दर पर देकर पीछा छुड़ा रहे हैं। किसानों का एक्सप्लॉयटेशन हो रहा है जिस पर ध्यान दिया जाए।

किसान की आमदनी का दूसरा साधन पशुधन है लेकिन सरकार का पशुधन की तरफ कोई ध्यान नहीं है। मैं इस बात को आंकड़े देकर बताना चाहता हूं। 1952 के सर्वे के मुताबिक एक हजार व्यक्तियों के पीछे 452 पशु थे जो 2001 के सर्वे के मुताबिक वे घटते-घटते एक हजार के पीछे 188 रह गए हैं। किसान का वह सोर्स भी खत्म हो गया। उसके सारे साधन खत्म होते जा रहे हैं। इस बारे में कोई सीरियस नहीं है।

MR. CHAIRMAN: Please conclude your speech. You are taking time of other Members in your party also.

श्री किशन सिंह सांगवान : किसानों द्वारा आत्महत्या करने की जहां तक बात है, साल में 30 हजार किसान आत्महत्या कर रहे हैं। जब हम इस विाय पर चर्चा कर रहे हैं तो हमें इस पर थोड़ा समय मिलना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: I cannot help you.

श्री किशन सिंह सांगवान : इस मामले में कोई सीरियस नहीं है। जब तक किसानों की न्यूनतम आमदनी का इंतजाम नहीं होगा, किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिलेगा, किसानों को पानी बिजली, अच्छे बीज और खाद का प्रबन्ध नहीं होगा तथा फसल बीमा योजना लागू नहीं होगी तब तक किसानों का भला होने वाला नहीं है। यहां माननीय शरद पवार जी बैठे हैं। वह किसान हैं। वह इस पर गम्भीरता से ध्यान दें।

MR. CHAIRMAN: Please conclude your speech. You have already taken 17 minutes. Only 30 minutes are allotted for your party.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: What can I do? There are others to speak on this issue. There are six other Members from your own party to speak, and they would not get time to speak.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, you are a very kind person. Thank you very much for allowing him to speak.

MR. CHAIRMAN: My kindness will not help your party.

Next speaker is Shri Adhir Chowdhury. Please limit your speech within the time limit. Otherwise, others will lose the chance to speak, and you would be denying others an opportunity to speak.

… (*Interruptions*)

श्री किशन सिंह सांगवान : वह क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से इस्तीफा दें और खेती को संभालें तभी किसानो का भला होगा।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BERHAMPORE, WEST BENGAL): All right, Sir. I must appreciate Shri Ramji Lal Suman and his colleague, who have raised this issue with regard to the distressing plight of the farmers in India.

We know that the farmers are the founders of our civilisation and prosperity, and throughout the ages Indian culture has been flourishing with the grace of our agriculturists. Indian people always worship land as their own mother.

It is true that the specter of suicide committed by the farmers in India has been haunting us since 1987. It is not a new phenomenon arising soon after the assumption of power by the UPA Government. Our Opposition colleagues, I think, are suffering from amnesia. They were also running the affairs of our country for six years. They must know that during the regime of NDA Government, a number of suicides had taken place in India.

Sir, the UPA Government is very much sensitive to the distress condition of the farmers. I would like to recall that soon after the Swearing-in-Ceremony, our Prime Minister had visited Andhra Pradesh to

commiserate himself with the bereaved families, who have lost their earning members because the farmers had committed suicides. After that visit, a new deal was announced by our Prime Minister.

Since Independence, the national leaders of our country have been initiating various measures to boost our agriculture so as to protect the interests of the farming community in India. Since the First Five-Year Plan, massive public investment has been made to tap the irrigation potential in our country. Landlord-ism was abolished by the Congress Government, protection to tenants was given by the Congress Government, the Green Revolution was initiated by the Congress Government, and the country which was earlier regarded as a food-deficit country, where hand to mouth was our existence, we have become a food-surplus country and self-sufficient in agriculture.

Therefore, since the day of Independence, the Congress Government has been pursuing such policies for protecting our farmers because we believe that if agriculture is to be regarded as the formidable fulcrum of our economy, then the chief architects of that formidable fulcrum are our beloved farmers.

Sir, the Prime Minister of India has recently met the experts from various fields, especially to devise ways and means for developing our agriculture sector. In his discussions, he has asserted that we have to increase the agricultural productivity -- the productivity of land, labour, seed, plants and other factors of production. We have to develop affordable and appropriate technologies for energy and water. We have to promote labour-intensive, yet efficient and relevant technologies in both farm and non-farm sectors.

Sir, this year has been dedicated as an "Agriculture Renewal Year". This Government is going to usher in a second Green Revolution by harnessing all our skills and expertise.

Special efforts have been made in regard to: soil health enhancement through concurrent attention to Physics, Chemistry and Microbiology of soils; water harvesting, water conservation, sustainable and equitable use of water; access to affordable credit, crop and life insurance reforms; development and dissemination of appropriate technologies; improvement of opportunities and infrastructure; and regulation of marketing of produce.

It is true that distress of our farming community is a matter of serious concern. It has been found that excessive burden of debt and crop failure are the reasons which force our farmers to commit suicides. Flow of credit alone cannot be treated as a panacea for all economic ills. It is a part of the problem. There is no doubt that it is a part of the problem. By doubling or trebling the credit flow to farmers alone cannot solve this chronic problem. The Government should initiate measures to ensure that farmers derive some assured income so as to enable them to repay their loans. I say this because it is the inability of the farming community to repay loans that is triggering these suicides.

The Congress Government had earlier initiated the Green Revolution. At that time, it was alleged that the Green Revolution was confined to only three-four States which were endowed with natural resources. But the second Green Revolution is going to take care of dry and marginal farmlands of our country.

All advanced agricultural economies are knowledge-based economies. Therefore, we must broaden the knowledge base of our farmers to enable them to make best use of new technologies. Our farmers' needs are multifaceted. These are not limited to technology alone. They need information about agricultural methods, farming practices, policy initiatives, best practices of other farmers and market intelligence. Timely availability of information is a critical component in the development of our

agriculture. Over decades, extension services have been neglected. Therefore, this Government is making serious efforts to gear up the extension services and to meet these emerging demands of farmers.

MR. CHAIRMAN : Your party has got only 24 minutes and you have taken eleven minutes so far. There are three more speakers. You are taking the time of others now.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Sir, this is a very serious issue.

This Government has already begun the process of ushering in a new era for our farming community by revamping and rejuvenating the sector.

17.00 hrs.

If we see the Budget of this year, you would find there that a fresh infusion of credit is going to reach those depressed farmers who need it for redeeming their distress.

Farm credit has been increased to Rs.125,309 crore in 2004-05. It is expected to cross the target of Rs.141,500 crore for 2005-06. It is expected to increase to Rs.175,000 crore in 2006-07 with an addition of 50 lakh farmers. Banks have been asked to open a separate window for self-help groups or joint liability groups of tenant farmers. A one-time relief is to be granted to farmers who have availed crop loan from scheduled commercial banks, RRBs and PACS for Kharif and Rabi 2005-06. An amount equal to two percentage points of the borrower's interest liability on the principal amount up to Rs.100,000 is to be credited to his or her bank account before March 31, 2006 and a sum of Rs.1,700 crore is provided for this purpose.

This Government has already announced a comprehensive credit policy package on June 18, 2004. The policy, *inter alia,* provides for Special One Time Settlement Scheme for settling the old and chronic loan accounts of small and marginal farmers with discretion to the banks for partially writing off the debts of the farmers.

As far as micro finance is concerned, 801,000 self-help groups have been credit-linked in two years with a credit of Rs.4,863 crore disbursed to these self-help groups. NABARD is to open a line of credit for financing farm production and investment activities through self-help groups. A Committee is to be appointed on Financial Inclusion. That means, this Government is addressing the distressed conditions of the farmers. We did not believe in any casual approach. Therefore, the Government is going to announce a rehabilitation package. Our hon. Agriculture Minister has held wide-ranging discussions with those affected States to provide rehabilitation package. Already 30 to 35 districts have been identified. But I would like to request the hon. Agriculture Minister not to confine it to those States because I am also hailing from a State called West Bengal, which is boasting of land reforms. However, it has been failed to earn desired result . Already incidences of suicides have taken place in West Bengal also. Hence, I would request the Government to include those very distressed districts, namely, Midnapur, Purulia and Bankura for extending rehabilitation package.

I would also request the Government to initiate fresh cooperative movement because it is true that in the post-WTO scenario, we have to be competitive if we have to survive in this market. We have to adopt the internal economy and the external stipulations. Therefore, we have to balance the interests of the farming community, agriculture and other imponderables. Therefore, I think that if we try to revive our cooperative movement, it would help the poor people of our country a lot. I would like to recall a

sentence of Gandhiji – drops of water make the ocean. The reason being that there is complete co-operation and cohesion. Sir, we are living in the age of corporatisation of agriculture.

MR. CHAIRMAN : Please conclude for the sake of others. There are other Members also to speak from your party. Why do you not realise their position? You are conceding their time.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Sir, the problems of the farmers are manifold. They are committing suicide because of taking money at high interest rates from private money lenders; soaring input cost, low output prices, and scarcity of funds for the farming expenditure.

Therefore, Sir, a legislation should be made to regulate the private money lenders. All Members of this House have expressed their concern that money lenders in the villages are playing havoc with the lives of the farming community.

Sir, the mitigation scheme must be revamped to cover more farmers under the National Agriculture Insurance Scheme.

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. You have already taken 18 minutes, and there are still three speakers from your party. Your party is having a total of only 32 minutes.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Sir, I am on my last point.

Sir, I would request the hon. Minister to set up Price Stabilisation Fund to cushion the adverse impact of the agrarian crises. Already, Swaminathanji has presented his 4th Report to the Government where a comprehensive National Commission of Farmer has been proposed to boost agriculture. It is proposed to provide necessary advisory, technical, farm credit and marketing services to the farming community.

Sir, now, the population is increasing to the tune of 1.84 per cent. But the annual output of agriculture is declining. The average farm size is also declining, which is putting further pressure on the unit of land in the agriculture sector. Therefore, for supplementary income generation, I would request the hon. Minister to provide more succour in the animal husbandry sector, livestock sector and fishery sector. It is because India is such a country which initiated the Green Revolution in crop production; Blue Revolution in fish production, Yellow Revolution in pulse production, White Revolution in milk production and Golden Revolution in horticulture production. Therefore, I would request the Government to continue its initiation for the development of these sectors. It is because the more we develop our agriculture sector, the more it will help our farming community to survive in a peaceful and healthy manner.

Sir, with these words, I am concluding my speech.

MR. CHAIRMAN: Now, do you realise the position? You have taken 20 minutes; and there is a balance of only 12 minutes for the remaining three speakers from your party.

Now, Shri Hannan Mollah. You have got 10 minutes.

SHRI RAM KRIPAL YADAV (PATNA): Mollahji, yours is not a *kisan* party; yours is a labour party.… (*Interruptions*)

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): We are pro-*kisan.* We are the largest *kisan* party.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, let him speak now.

श्री हन्नान मोल्लाह : माननीय सभापति महोदय, श्री रामजी लाल सुमन द्वारा देश के विभिन्न भागों में किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं के बारे में यह चर्चा शुरु की गई है। यह एक महत्वपूर्ण विाय है जिस पर पिछले कई सालों से चर्चा चल रही है । श्री सांग वान जी जब बोल रहे थे, तो श्री वाजपेयी जी की बहुत सराहना कर रहे थे जबकि किसानों का सत्यानाश उनके टाइम से शुरु हुआ। हालांकि, पिछले 97 साल से किसानों द्वारा खुदकुशी की जा रही है लेकिन 1997-98 से यह सिलसिला बढ़ता ही गया। आज तक इस देश में करीब 25-30 हजार किसानों द्वारा खुदकुशी की जा चुकी है। इनमें चार मेन राज्य - आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराट्र और केरल - हैं लेकिन बाद में पंजाब, उत्तर प्रदेश भी इस लिस्ट में जुड़ गये। सरकार को किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का सर्वेक्षण कराना चाहिये था कि आज तक कितनी और कहां-कहां आत्महत्यायें हुई हैं। सरकार के पास जानवरों के मरने के आंकड़े हैं। आज हम भूल जाते हैं कि इंसान की जान की कीमत क्या है। हजारों मौतें हो गईं, मगर जैसे कोई बात हुई ही नहीं। जिस तरह से किसान खुदकुशी कर रहे हैं, यह हमारे देश के लिए चिन्ता का विाय है। सबसे ज्यादा आत्महत्याएं आंध्र प्रदेश में 5000 से ज्यादा हुई हैं, फिर कर्नाटक में 5000, महाराट्र में 3000 से ऊपर, पंजाब में 100 से ऊपर और केरल में भी 500 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। इन किसानों में कपास के किसान, मसाला पैदा करने वाले किसान, कॉफी, कोको या काजू का उत्पादन करने वाले किसान तथा पंजाब में धान और गेहूं पैदा करने वाले किसान शामिल हैं। इस परिस्थिति का निर्माण क्यों हुआ? यह हमारी खराब नीतियों का नतीजा है। ग्रामीण विकास और कृाि के क्षेत्र में हमारी जो नीतियां रही हैं, उनकी वजह से इस परिस्थिति का निर्माण हुआ है। वैश्वीकरण के नाम पर पूरी दुनिया के दरवाजे भारत के लिए खोल दिये गये और डब्लूटीओ की शर्तें मानकर हमारे देश में हजारों चीजें, जो किसान पैदा करता है, वे बाहर से आने लगीं, तब से हमारे किसानों का ज्यादा नुकसान शुरू हुआ है। इसके लिए हमें नीतियों में सुधार करना चाहिए और कोई ठोस कार्यक्रम बनाकर ही हम किसानों को आत्महत्याओं से बचा सकते हैं।

सभापति जी, जब से उदारीकरण की नीति शुरू हुई हैं, तब से किसानों की स्थिति दिन पर दिन खराब होती गई। एक तरफ हमारी कृाि में किसान के लिए सरकारी विनिवेश घट रहा है और दूसरी तरफ किसान को कृाि में ज्यादा से ज्यादा निवेश अपनी ओर से करना पड़ता है। आज आधुनिक कृाि के नाम पर बहुराट्रीय कंपनियां आई हुई हैं। पहले किसान अपने बीज से फसल पैदा करता था, अपने देश की खाद और पानी से उत्पादन करता था मगर जब से किसान ने विदेशी बीजों के लिए आत्मसमर्पण किया है, उसके बाद खेती में ज्यादा खाद, ज्यादा पैस्टिसाइड्ज़ और ज्यादा पानी देने की जरूरत पड़ती है, जिसके लिए ज्यादा मशीनों का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण एक तरफ मल्टीनेशनल्स कंपनियों की आमदनी बढ़ रही है, उनकी लूट बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ किसान पिसता जा रहा है और खुदकुशी करने पर मजबूर हो रहा है। कृाि में ज्यादा से ज्यादा विनिवेश सरकार को करना चाहिए था, मगर सरकार उससे पीछे हट रही है।

आज हमारे देश में कृाि पर सब्सिडी खत्म की जा रही है जबकि यूरोप में 37 प्रतिशत सब्सिडी किसान को दी जाती है, अमरीका में 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जापान में 72 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है, जबकि हिन्दुस्तान में किसान के लिए केवल तीन प्रतिशत सब्सिडी है। इसके बावजूद हम अपने किसान से कहते हैं कि दुनिया के किसानों के साथ कंपीट करो। आप देखिए कि एक लूला लंगड़ा कैसे इतने तग़ड़े लुटेरों के साथ कंपीटीशन कर सकता है? आज सिर्फ भााण देकर किसान को बचा पाना संभव नहीं लगता है, इसके लिए नीति में बदलाव की आवश्यकता है।

श्री राम कृपाल यादव : मंत्री जी इस विाय में जरूर कुछ करें।

श्री हन्नान मोल्लाह : हमें उम्मीद है कि मंत्री जी जरूर इस पर कुछ करेंगे। वे बड़े किसान हैं, मज़बूत किसान हैं और उनका अनुभव भी इस क्षेत्र में काफी है।

सभापति जी, पहले किसान फूड क्रॉप्स पर ज्यादा निवेश करते थे लेकिन पिछली बार बीजेपी के राज में जिस अनुपात में हमारी आबादी बढ़ी, उसी अनुपात में फूडग्रेन्स में कम वृद्धि हुई। हमारे देश की फूड सिक्यूरिटी के लिए इसने चैलेन्ज पैदा किया है। आज हमारी यूपीए सरकार कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के आधार पर आई है और किसानों को इस स्थिति से ऊपर उठाने का हमने वायदा भी किया है, परंतु इसके लिए हमें अपने कार्यक्रमों की गति और तेज करनी पड़ेगी।

आज किसानों के लिए जिस तरह के विदेशी बीज आ रहा है, बीटी कॉटन की बात उठी है, उसमें नुकसान हो रहा है। हमने परंपरागत तरीकों से हटकर जो तरीके किसान पर थोपे हैं, उनके नकारात्मक नतीजे आज हमारे किसानों के सामने आ रहे हैं। इस पर ि वचार करना बहुत जरूरी है । इसके साथ-साथ हमारा इनवेस्टमेंट भी लगातार घटता जा रहा है। 50 के दशक में कृि क्षेत्र में 17 प्र ातिशत विनिवेश होता था, लेकिन बाद में, 90 के दशक में सात प्रतिशत तक घट गया और आज उससे भी ज्यादा घट गया है। जिस खेती पर हमारे 70-75 प्रतिशत लोग निर्भर करते हैं, उसमें सरकारी विनिवेश अगर घटाते रहेंगे, तो किसान किस तरह से आगे बढ़ेगा। ग्रामीण विकास में जो विनिवेश होता है, जो 85-90 में 14.5 प्रतिशत होता था, उसमें अब 5.9 प्रतिशत तक घट गया है। अगर कृि क्षेत्र में और ग्रामीण विकास में विनिवेश घटता जाएगा, तो हम किस तरह से ग्रामों को ऊपर उठाएंगे। यह भी पालिसी मेटर है। इसलिए कृि मंत्री जी को इस तरफ ध्यान देना पड़ेगा। दूसरी तरफ किसानों को जो ऋण मिलता है, उसका रेट किस तरह से बढ़ रहा है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं कि किसान ऋण लेकर जन्म लेता है, ऋण लेकर जीता है और ऋण के साथ ही मरता है, लेकिन आज उसकी हालत और भी खराब हो गई है। आज जो पिछला सेम्पल सर्वे आया है, उसमें यह कहा गया है कि हिन्दुस्तान में जो नौ करोड़ परिवार हैं, उनमें से 48.6 प्रतिशत टोटली ऋणग्रस्त हैं और उनमें 42 प्रतिशत किसान हैं, जिन्हें प्राइवेट लोगों से ऋण लेना पड़ता है। अगर 18 प्रतिशत से लेकर 36 प्रतिशत ब्याज देकर किसान ऋण लेगा, तो वह कैसे आगे बढ़ सकता है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, यह सिर्फ खुदकुशी की बात नहीं है, यह कृि पालिसी के साथ जुड़ी हुई बात है। आज यहां जो डिसकशन चल रहा है, इसमें कृि के टोटल विाय पर चर्चा होनी चाहिए। इस सत्र में पहली बार किसानों के बारे में चर्चा हो रही है। देश के 80 प्र ातिशत लोगों के हित में यह डिसकशन हो रहा है, इसलिए विस्तार से डिसकशन होना चाहिए। आपको इस चर्चा का समय बढ़ाना होगा और हमारी बातों को सुन कर सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे।...(व्यवधान) कृि का पहले 3.7 प्रतिशत विकास रेट था, जो घट कर 2.06 रह गया और अब और भी घट गया है। कृि उत्पादन 80 दशक में 3.72 प्रतिशत था, जो आज घट कर 1.1 प्रतिशत रह गया है। इस तरह यह जनसंख्या वृद्धि से भी नीचे चला गया है। हमारा जो पर-केपिटा फूड कन्जम्पशन है, 1990 साल में 175 केजी फूड लोगों को खाने के लिए मिलता था, जो अब घट कर 153केजी हो गया है। हमारा पर-केपिटा फूड कंजम्पशन भी घटता जा रहा है। अगर इसी तरह की स्थिति बनी रही, तो हमारे देश का किसान कैसे ऊपर उठ पाएगा। इससे फूड सिक्यूरिटी भी खतरे में पड़ेगी और यह देश भी बड़ी मुश्किल में फंसेगा।

हम किसानों को बचाने के लिए क्या कर रहे हैं? हर साल तूफान, ओला, बाढ़ या सुखाड़ से किसानों का भारी नुकसान होता है। तीन साल में कम से कम एक बार ऐसा हो रहा है, लेकिन अभी तक दस प्रतिशत से ज्यादा इंश्योरेंस कवर नहीं हुआ है। इस परिस्थिति में किसान कैसे जिन्दा रह सकता है, इस बारे में भी सरकार को सोचना पड़ेगा। बैंकों का लोन प्राईवेट लोगों के पास बराबर पहुंच रहा है। हमारा जो सीडी रेश्यो है, गांव में एक जमाने में जितना जमा होता था, उसका 69 प्रतिशत गांवों में विनिवेश होता था, लेकिन आज वह घट गया है। गांव में जितना पैसा जमा होता है, वह शहरों में उद्योगपतियों के पास ऋण के रूप में चला जाता है, जिससे किसानों को ऋण के लिए पैसा नहीं मिल रहा है, यह परिस्थिति आज हमारे सामने है। यह जो नकारात्मक परिस्थिति पैदा हो रही है, मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि आप इस तरफ ध्यान दें और इस परिस्थिति को बदलने की कोशिश करें। किसान इतना खर्चा करने के बाद जब अपना उत्पाद लेकर बाजार जाता है तो उसे उचित पैसा नहीं मिलता है, उसके उत्पाद का मिनिमम सपोर्ट प्राइस का देर से ऐलान होता है और जो उत्पादन खर्च है, उससे कम उसे मिलता है।

सभापति महोदय, यह भी एक बहुत विकट परिस्थिति है। हमें मालूम है कि राजस्थान में पिछले साल 36 लाख टन सरसों का उत्पादन हुआ और इस साल 43 लाख टन सरसों का उत्पादन हुआ है। सेंट्रल गवर्नमेंट ने सरसों खरीदने के लिए नैफेड को पैसा दिया। नैफेड ने 12 लाख टन सरसों खरीदने के पश्चात् सरसों खरीदने का काम बन्द कर दिया। स्टेट गवर्नमेंट की सरसों आदि खरीदने में कोई भूमिका नहीं है। वहां किसानों ने जो प्याज और सरसों पैदा की है, उनके दाम ठीक नहीं मिल रहे हैं और वे ऋण न चुका पाने के कारण आत्महत्या करने के कगार पर पहुंच गए हैं। सरकार को देखना चाहिए कि किसानों को उनके उत्पादन का सही मूल्य मिले और एम.एस. पी. समय पर घोति हो।

महोदय, हमें लगता है कि पिछले कुछ समय से सरकार की प्रोक्योरमेंट पॉलिसी भी खराब हो गई है, जिसके कारण किसानों से उनकी उपज का प्रोक्योरमेंट ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है। एफ.सी.आई. के गोडाउन्स में जगह नहीं है। एफ.सी.आई. के खरीद केन्द्र कम हो गए हैं। अन्न खरीदने के लिए एफ.सी.आई. को जो पैसा दिया जाता है, उसमें भी कमी आई है। इस वजह से किसानों से अनाज खरीदने के काम में एफ.सी.आई. का इंटरवेंशन कम हो गया है। सरकार ठीक प्रकार से एफ.सी.आई. के माध्यम से खरीद नहीं करा पा रही है। एफ.सी.आई. के गोडाउन्स में जो खाली जगह हो गई है, उसकी पूर्ति के लिए सरकार विदेशों से गेहूं खरीद रही है। इस कारण यहां सरकार की आलोचना भी हो रही है। पहले बी.जे.पी. की सरकार हमारा गेहूं सस्ते में बेच रही थी, लागत मूल्य से आधे मूल्य में बेच

रही थी। विदेशी लोग हमारा गेहूं आधी कीमत में खरीदकर वहां सूअरों को खिला रहे थे और आज हमारी सरकार आस्ट्रेलिया से गेहूं खरीद रही है, जो आदमियों के खाने लायक नहीं है।

महोदय, यदि आज हमारी सरकार किसान की मदद करे, उस मदद से किसान गेहूं पैदा करे और उसे यदि हम प्रोक्योर करें, तो वह सस्ता पड़ेगा। इससे हमारे किसान की हालत भी सुधरेगी। लेकिन हमने अपने किसानों को लाभ पहुंचाने का रास्ता छोड़कर, आस्ट्रेलिया से गेहूं मंगाने का काम शुरू कर दिया है जिसके कारण हमारे किसान खुदकशी करने की ओर बढ़ रहे हैं।

महोदय, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर आदि कुछ राज्यों को छोड़कर, शेा राज्यों में लैंड रिफॉर्म नहीं के बराबर है। वहां बड़े-बड़े लोग जमीनों को हड़प रहे हैं और लाखों मार्जीनल और छोटे किसान हर साल जमीन से बेदखल किए जा रहे हैं। उनके हाथों से प्रोडक्शन को छीना जा रहा है। छोटे-छोटे किसानों से लैंड लेकर, लैंड रिफॉर्म के नाम पर, मल्टीनैशनल्स को देने का सिलसिला शुरू हुआ है। हमारी नीति उल्टे रास्ते पर चल पड़ी है। इस कारण अब हम भारत की कृाि को नहीं बचा पाएंगे।

महोदय, कॉमन मिनीमम प्रोग्राम में यू.पी.ए. सरकार ने भूमि सुधार के जो वायदे किए हैं, उन्हें सरकार को पूरा करना चाहिए। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर लेबर की आबादी बढ़ती जा रही है, लेकिन न उसे काम मिल रहा है, न उसे वेज मिल रही है और न ही सोश्यल सिक्योरिटी। यू.पी.ए. सरकार ने सौ दिन की रोजगार गारंटी योजना बनाई है, लेकिन वह केवल 200 जिलों में ही लागू हुई है। बाकी जिलों में ऑफीशियल काम चल रहा है। इस कारण खेत मजदूर को पलायन करना पड़ रहा है। एक राज्य से दूसरे राज्यों में खेत मजदूर भाग रहे हैं। खेत मजदूर को वर्ा 1983 में 183 दिन काम मिलता था, वर्ा 1990 में 100 दिन काम मिलता था और वर्ा 2000 में केवल 70 दिन काम मिला। इस तरह धीरे-धीरे खेत मजदूरों को कम काम मिल रहा है, जिसके कारण उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

महोदय, यू.पी.ए. सरकार ने खेत मजदूर को काम देने तथा किसानों की स्थिति सुधारने के लिए कानून लाने का वायदा किया है। मेरी मांग है कि सरकार इस विाय में शीघ्र कानून बनाए।

